तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 1 मई 2025

14 जिला प्रभारी सचिव सिद्धार्थ परदेशी ने मनोविकास...



14 धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम ...





**पर्व : अक्षय तृतीया के दिन हर तरह के मंगलमय कार्यक्रम होते हैं सिद्ध**

# बच्चों ने निभाई गुड्डे-गुड़ियों की शादी करने की परंपरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अक्षय तृतीया का पावन त्यौहार हर्ष हर वर्ष बैसाख मास के शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को मनाई जाती है इस दिन को बहुत ही शुभ माना जाता है कोई भी काम संपन्न किया जा सकता है। आज का दिन इतना शुभ होता है कि पंचांग देखने की आवश्यकता नहीं पड़ती है । आज के दिन को अक्ति तिहार भी कहा जाता है। अधिकतर गांव हर में अक्ति पर्व का उत्साह हर उम्र के लोगों में दिख रहा है । लोग गुड्डे गुड़ियों की उत्साह से शादी रचाने में लगी हुई है। अक्षय तृतीया शुभ मुहूर्त 30 अप्रैल बुधवार को वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि है। इस दिन ऐसा माना जाता है कि सोना चांदी खरीदारी करने से अक्षय बना रहता है अर्थात हर दिनभर शुभ रहता है ।

बच्चों को अच्छे-अच्छे के पर्व की महत्व महत्व बताने के लिए गुड्डे गुड़ियों की शादी रचाई जाती है। 16 संस्कारों में से विवाह भी एक संस्कार है। जिस घर में शादी होती है वहां सुख और खुशी का माहौल होता है। इसलिए अधिकांश विवाह अक्षय तृतीया के दिन होते हैं। पंडितों के अनुसार जिन घरों में युवक और युवती शादी योग्य होते हैं और किसी कारण उसकी शादी नहीं हो पा रही होती है, ऐसे घरों में प्रतिकात्मक रूप से कपड़े ,मिट्टी के गुड्डा गुड़िया बनाकर पारंपरिक रूप से उनकी शादी करने की परंपरा सालों से चली आ रही है। ऐसे करने से परिवार में सुख और समृद्धि बढ़ती है और साथ ही युवक युवतियों की शादी में आ रही बाधाएं दूर होती है। मान्यता के अनुसार इससे बच्चों को शादी संस्कार के बारे में भी पता चलता है, जिससे वह इन शादी की रस्मों को समझ सके।

## अक्षय तृतीया पर बच्चों ने रचाया पुतरा-पुतरी का विवाह



पलारी। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर ग्राम साराडीह में एक विशेष और मनोरम पारंपरिक आयोजन के तहत पुतरा-पुतरी विवाह की अनोखी रस्म निभाई गई। यह परंपरा क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसमें मिट्टी से बने पुतला-पुतलियों (पुतरा-पुतरी) का विवाह छोटे बच्चों द्वारा पूरे रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न कराया जाता है। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। बच्चों ने पारंपरिक परिधान पहनकर बारात निकाली और विवाह की सारी रस्में पूरी निष्ठा और उल्लास के साथ निभाईं। टीकावन, कन्यादान, फेरे और भोज जैसे समस्त विवाह-संस्कारों को बच्चों ने बड़ों के मार्गदर्शन में पूरी श्रद्धा के साथ अंजाम दिया। इस पहल से न केवल बच्चों को भारतीय संस्कारों और परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिला, बल्कि समाज में सांस्कृतिक चेतना को भी बल मिला। इस अनूठे आयोजन में प्रेस क्लब पलारी के सदस्य विशेष रूप से शामिल हुए और उन्होंने न सिर्फ बच्चों के साथ मिलकर टीकावन की रस्म अदा की, बल्कि आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका भी निभाई। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के संरक्षक शेखर वर्मा, अध्यक्ष रज्जाक खान, उपाध्यक्ष यमलोक साहू, केशव साहू, कोषाध्यक्ष हेमकुमार साहू, सलाहकार महेश ढीढी, मीडिया प्रभारी पनमेश्वर साहू, साथ ही पुष्पा साहू, रीना साहू, शामबती साहू, रुखमनी साहू, कुमारी साहू, शांति साहू और लोकेश्वरी साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## बच्चों ने हर्षोल्लास से मनाया अक्ती पर्व, रचाया गुड्डे-गुड़िया का विवाह

**पवनी।** अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर नगर पंचायत पवनी के वार्ड क्र 14 में बच्चों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गुड्डा-गुड़िया का विवाह समारोह आयोजित कर उत्सव को हर्षोल्लास से मनाया। इस विशेष आयोजन में बच्चों ने अपने-अपने घरों से सजावटी कपड़े, खिलौने, फूल और मिठाइयाँ जुटाकर एक छोटी सी विवाह मंडप की रचना की।

समारोह की शुरुआत बच्चों ने मंगलाचरण और हल्दी-मेहंदी रस्मों के साथ की। गुड्डे को दूल्हा और गुड़िया को दुल्हन के रूप में सजाया गया। बच्चों ने परिवार के बड़े-बुजुर्गों से सीखे हुए पारंपरिक



विवाह मंत्रों और गीतों को गाकर वातावरण को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया।

मोहल्ले के कई बच्चों ने बारात का आयोजन भी किया, जिसमें नाच-गाने के साथ बारात निकाली गई। विवाह की सारी रस्में जैसे कन्यादान, फेरे और विदाई भी प्रतीकात्मक रूप से निभाई गईं। गायत्री प्रज्ञा पीठ पवनी के प्रमुख ट्रस्टी मनोहर लाल साहू के सौजन्य से सभी बच्चों एवम कार्यक्रम में शामिल मोहल्ले वासियों को भोज कराया गया तथा बच्चों ने मिठाइयों का वितरण कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

इस आयोजन में न केवल बच्चों को परंपराओं की जानकारी मिली, बल्कि आपसी सहयोग, संगठन और सांस्.तिक मूल्यों की भी शिक्षा मिली। दिनेश साहू,पूर्व जनपद सदस्य मिथिला श्रीवास ने बच्चों की इस रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी में संस्.ति के प्रति जागरूकता आती है। गुड्डा-गुड़िया के इस प्रतीकात्मक विवाह ने न केवल बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाई, बल्कि मोहल्ले में सामूहिक उल्लास का वातावरण भी बना दिया

## अक्ती तिहार पर रचाई गई गुड्डे-गुड़िया की शादी

**हिरमी रावन।** हिरमी, मोहरा, रावन, बिटकुली, बासीन, कुथरौद, सकलोर,के विभिन्न ग्रामीण अचंलो में बुधवार को अक्षय तृतिया का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही ग्रामीण अंचलों में गुड्डे-गुड़िया की शादी रचाई गई। इस दौरान हर गली-मोहल्ले में मंडप सजे। विधिवत विवाह की परंपराएं निभाई गईं और गुड्डे-गुड़ियों की शादी की। विवाद गीत बजते रहे और बच्चों से लेकर बड़ों तक ने उस पर जमकर डांस किया। शादी के बाद गुड़ियों की विदाई की भी रस्म निभाई गई। दिलेश्वर मढरिया ने बताया कि वहीं किसानों ने अपने खेतों में पहुंच कर बीज की बोआई की।अक्षय तृतीया पर पर सबसे ज्यादा बच्चों में उत्साह दिखाई दिया। बच्चों को पर्व



का महत्व बताने गुड्डे-गुड़ियों की शादी रचाई गई। घरों में बच्चों की टोली ने बड़ों के साथ मिलकर मंडप सजाया। फिर विधि-विधान के साथ गुड्डे-गुड़ियों की शादी की। छोटे से नगाड़े के साथ बॉक्स में बज रहे फिल्मी गीत पर झूमते हुए नन्हें-मुन्हें बराती निकले। घरातियों ने भी उनका स्वागत किया। सारा इंतजाम बच्चों की ओर से किया गया था। अक्ती के मौके पर गांव के गली मोहल्लों में विवाह गीत बजते रहे। इससे पहले बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों के ब्याह का निमंत्रण दिया। गुड़िया की शादी में बच्चों ने चूलमाटी से लेकर हल्दी चढ़ाने की रस्म निभाई। एक आम शादी की तरह ही सभी रस्म पूरी की गई। बच्चों का पक्ष गुड्डे और दूसरा पक्ष गुड़िया के साथ रहा। मंडप तक बरात पहुंचे और विवाह की रस्म पूरी की। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए परिवारजन और मोहल्ले वासी भी पहुंचे। गुड्डे-गुड़िया को पीले चावल का तिलक लगाते हुए टिकावन भेट किया। फिर मंडप में बच्चों का उत्साहवर्धन करने बड़ों ने टिकावन दिया।

## खबर संक्षेप

### शराब का अवैध कारोबार दो आरोपी का पकड़ा गया



**बलौदाबाजार।** सिटी कोतवाली पुलिस ने खोरसी नाला ओव्हर ब्रिज में घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 2 आरोपी शराब कोचिया दिनेश महिलांग का उम्र 26 साल निवासी ग्राम कंजी थाना व राहुल महिलांगे उम्र 18 वर्ष 08 माह निवासी ग्राम कंजी थाना सिटी कोतवाली को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 15,120 रुपए मूल्य का 143 पाव देशी मसाला शराब जब्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्घ किया गया है।

### तृषा ने पांचवीं के परीक्षा 90 फीसदी अंकों के साथ पास की

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** केरला पब्लिक स्कूल तिल्दा की छात्र



कुमारी तृषा नायक पिता टिकेश्वर नायक ने पांचवीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है।विद्यालय, अपने परिवार, एवं समाज को गौरवान्वित किया है। तृषा शुरू से ही मेधावी छात्र रही है। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अग्रणी रही हैं। तृषा त्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय संरक्षक ग्राम केसला निवासी डा. के.के.नायक की नातिन है।

### दतान में आज से पंच दिवसीय रामायण

**पलारी।** दतान में आज से पंच दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया गया है यह धार्मिक आयोजन 1 मई से 5 मई तक आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम मे हर दिन श्रीरामचरितमानस पाठ, सुंदरकांड, भजन, प्रवचन और आरती होगी।भक्तों के लिए प्रतिदिन महाप्रसाद वितरण का भी प्रबंध रहेगा। विभिन्न गांवों की भागीदारी से समारोह में विशेष उत्साह देखने को मिलेगा।महिला मंडल एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजन का हिस्सा होंगी। समारोह में क्षेत्र के संत और कथावाचक भी उपस्थित रहेंगे।आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था और एकता को बढ़ावा देना है। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### व्यापम की पीपीटी परीक्षा आज

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा गुरुवार 1 मई को प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है।इस परीक्षा हेतु जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें शासकीय डी. के. स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार एवं शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार शामिल है। दोनों केंद्रों में करीब 720 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 12:15 बजे तक होगा। परीक्षा दिवस में परीक्षार्थी एक घण्टे पूर्व परीक्षा केंद्र में उपस्थित हो जाएं ताकि उनके मूल पहचान पत्र से मिलान,परीक्षा कक्ष व रोल नम्बर ढूंढने में परेशानी न हो।परीक्षार्थी को अपना मूल फोटो आईडी प्रूफ जैसे आधार, पैन कार्ड , ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र ,पासपोर्ट आदि लाना होगा। बिना मूल फोटो आईडी के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में मोबाइल एवं अन्य डिवाइस ले जाना वर्जित है।

## कमिश्नर के आदेश पर कार्रवाई हथबंद में अस्थाई दुकान हटाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

बाजार चौक पर स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 101 में संभागायुक्त कमिश्नर के आदेश पर बेदखली करने राजस्व अमला पुलिसकर्मियों सहित सुबह 7 बजे से ही उपस्थित हो गया। जहां कब्जाधारी दिलीप चतुरे ने खुद कब्जा हटाने में प्रशासन का सहयोग किया। मामला वर्ष 2022 से जुड़ा है, जब ग्राम पंचायत हथबंद की ग्राम सभा में दिलीप चतुरे को लघु व्यवसाय हेतु अस्थाई दुकान खोलने की अनुमति सर्वसम्मति से दी गई थी। तब से चतुरे परिवार अपनी जीविका के लिए उस दुकान का संचालन कर रहा था। उपस्थित सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत, पंच मूलचंद टण्डन, संतराम ध्रुव, विजय निषाद, भुपेंद्र पाल, मोनु वर्मा, ईश्वर प्रसाद, प्रकाश पाल ने कहा कि दुकान के पीछे की जमीन अश्विनी शुक्ला की है, जिसके सामने जर्जर हालत में शासकीय खाद्य गोदाम था



उस गोदाम व दिलीप चतुरे के 40 वर्षों पुराने दुकान को सन 2019 में रात के अंधेरे में करीब 10 बजे अश्विनी शुक्ला द्वारा व्यक्तिगत स्वार्थवश जेसीबी मशीन से तुड़वा दिया था। तुड़वाने के बाद उन्होंने काम्प्लेक्स निर्माण किया है। इससे उनका स्वार्थ सिद्ध हो गया है। वहीं मौके पर तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, टीआई के सी दास,आरआई राजेश धीरहे, पटवारी एमडी कोसले, त्रिवेणी ध्रुव, भगवान दास, कोटवार बुधराम देवदास, राजेश देवदास करीब दो दर्जन पुलिसकर्मी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर लगेगी हाई मास्ट सोलर लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्र सहित प्रवेश के प्रमुख चौक चौराहों परसोलर हाई मास्ट लाइट लगाए जाने की मांग नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने की थी। इस आशय का पत्र जारी करते हुए जिला बलौदा बाजार भाटापारा के कलेक्टर दीपक सोनी से हाई मास्ट लाइट की मांग की थी। मांग को पूरा करते हुए क्रेडा विभाग को निर्देशित किया गया। पांच हाई मास्ट लाइट की मांग को पूरा किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने इस संबंध में हाई मास्ट लाइट लगाए जाने की मांग से कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा को भी अवगत कराते हुए अनुमोदन हेतु चर्चा अनुरूप मांग पूर्ण करते हुए पांच नग लाइट की स्वीकृति दी गई। नगर में गांधी चौक एवं नेहरू चौक में हाईमास्क लाइट लगाए जाने हेतु स्थान पर्याप्त नहीं होने के कारण उक्त स्थल को परिवर्तित किए जाने की मांग भी कलेक्टर से की गई थी। जिसके



अनुरूप परिवर्तित स्थान पर लगाए जाने स्वीकृति दी गई।

### यहां लगेगी लाइट

नगर पालिका क्षेत्र में क्रमशः दशहरा मैदान, गार्डन चौक व नया बस स्टैंड में एवं सकरी बायपास चौक व भाटापारा मार्ग में बायपास चौराहा में हाईमास्ट लाइट लगाया जाना है। जिसमें बाईपास में लाइट स्थापित किया गया है। नगर में भी उक्त सोलर लाइट लगाए जाने इस स्थल चयन कर लिया गया। यहां पर भी अतिशीघ्र हाई मास्ट लाइट स्थापित की जाएगी। नगर में अच्छी रोशनी होने से आवागमन में आम जनता को परेशानी नहीं होगी। इसके अलावा बाईपास रोड के स्थानो पर भारी वाहनों के आवागमन से व रोशनी कम होने के कारण समय-समय पर होने वाली दुर्घटना में कमी आएगी। इसी उद्देश्य से बाहरी क्षेत्र का चयन हाई मास्टर लाइट लगाए जाने हेतु किया गया है।

## कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बलवा ड्रिल का किया पूर्वाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- टीम में जिले से 45 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को किया शामिल

कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 30 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से रक्षित केंद्र में पुलिस बल के साथ बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया। यह अभ्यास करना इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगामी समय में किसी भी प्रकार की विकट स्थिति उत्पन्न होने एवं इसे रोकने के लिए पुलिस बल का प्रशिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। इस स्थिति में ड्यूटी में लगे प्रत्येक पुलिस अधिकारी- कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों का क्या-क्या कर्तव्य रहेगा, यह उन्हें जानना अत्यंत आवश्यक है। अपने कार्यों के प्रति सजग एवं संपूर्ण जानकारी होने पर ही प्रत्येक अधिकारी- कर्मचारी अपना कार्य बहुत ही निपुणता से करेगा। जिससे शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता के निर्देशन में एक स्पेशल टीम बनाई गई है। टीम में जिले से कुल 45 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को शामिल किया गया है। जिले में किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु एवं त्वरित सुरक्षात्मक कार्रवाई करने टीम का गठन किया गया है। आज बलवा ड्रील अभ्यास के दौरान टीम में शामिल



पुलिस अधिकारी- कर्मचारियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया।

### *दायित्वों को भी निभाया गया*

*बलवाड्रील पूर्वाभ्यास में अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात बलौदाबाजार, श्रीमती उषा ठाकुर रक्षित निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस बल को बलवाइयों, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, मेडिकल टीम, अश्रु गैस टीम, राइफल पार्टी आदि टीमों का सजीव निर्माण कर बलवा ड्रील संबंधी समस्त दायित्वों का पूर्वाभास कराया गया। साथ ही इस दौरान निरीक्षक रितेश मिश्रा, निरीक्षक नरेश दीवान आदि की टीम द्वारा थाना प्रभारी, विभिन्न पुलिस पार्टियों के प्रभारी अधिकारी के रूप में बलवा ड्रिल के समस्त प्रक्रियाओं की पूर्ति करते हुए पुलिस बल के साथ अभ्यास किया।*

**नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के निर्देश का कड़ाई से हो पालनः मुख्य सचिव**

## पेशी के लिए अस्पतालों व बैंको में भी होगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के सबंध में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंगलवार को समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे।

मुख्य सचिव ने नवीन आपराधिक कानूनों के तहत मामले की त्वरित सुनवाई के लिए जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, बैंको एवं जेल में वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम स्थापित करने के निर्देश दिये ताकि पेशी के लिए आने-जाने की जरूरत न हो और समय की बचत हो। बैठक में डीजीपी अरुण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव गृह एवं जेल मनोज





पिंगुआ भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने कहा कि नये आपराधिक कानूनों का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। सभी जिलों में जिला अभियोजन निदेशालय की स्थापना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला लोक अभियोजन अधिकारी एवं सीएमएचओ के साथ साप्ताहिक बैठक हो। ई-साक्ष्य, ई-समन एवं आईओ मितान का उपयोग सुनिश्चित हो। इसके साथ ही निर्धारित अवधि में चालान पेश करने की कार्यवाही हो।

### *भारतीय न्याय संहिता का हो अनुपालन*

*उन्होने नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित समस्त बिदुओं का अनुपालन हर स्तर पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। गौरतलब है कि 1 जुलाई 2024 से देश में भारतीय न्याय संहिता लागू हो गई है। नए कानूनी प्रावधान के अनुसार प्रकरणों की सुनवाई व निराकरण हेतु अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे।*

**ड्राइविंग प्रक्रिया हुई डिजिटल**

## व्हाट्सएप से दस्तावेज भेजकर पाएं HSRP

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने मोबाइल नम्बर अपडेशन के लिए दस्तावेज करें व्हाट्सएप्प

छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाया जाना है। इसके लिए सभी वाहनों का वाहन सॉफ्टवेयर में मोबाइल नंबर अपडेट होना अनिवार्य है। मोबाइल नम्बर अपडेशन के बाद ही आवेदक द्वारा हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाए जाने हेतु आवेदन किया जा सकेगा। मोबाइल अपडेशन कार्य को सुगम बनाने के लिए जिला परिवहन कार्यालय में दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन कर्मचारियों के मोबाइल नम्बर पर आवेदक अपना वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति जिसमें अपना मोबाइल नम्बर लिख कर एवं हस्ताक्षर करते हुए प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक व्हाट्सएप्प कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### गाजे-बाजे के साथ हुआ गुड्डे गुड़िया का विवाह

**मुंडा।** आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा की भाटा रामायण चौक में गुड्डू गुड़िया का विवाह बाजे गाजे के साथ हुआ बता दे की 28 तारीख सोमवार को बैंड बाजा के साथ चूलमाटी का कार्यक्रम रखा और विधि विधान पूर्वक मंगलवार को देवतला कार्यक्रम किया और बुधवार अक्षय तृतीया को बरात स्वागत व टिकावन कार्यक्रम रखा गया टिकावन में पूरे मोहल्ला भर के लोग कार्यक्रम में शामिल हुआ और टिकावन टीका गया जिसमें कुल 700 पड़ा जिसमें सम्मिलित कुमारी पूजा सेवती कुमारी चांदनी कुमारी ज्योति कुमारी निका कुमारी सुनीता कुमारी तनु कुमारी वर्षा कुमारी निशा कुमारी बिंदेश्वरी कुमारी राखी कुमारी सोनम प्रियंका प्रीति सुनीता सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्रीबाई वर्मा व मोहल्ला वासी सम्मिलित रहे ।

### 30 आवेदकों को परिवहन विभाग का नोटिस

**बलौदाबाजार।** परिवहन विभाग से प्राप्त फेसलेस ऑटो अप्रूवल का दुरूपयोग करते हुए गलत जानकारी सारथी पोर्टल में अपलोड कर कर ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण करने वालों को परिवहन विभाग द्वारा नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक ऐसे 30 आवेदको को नोटिस जारी कर समायावधि में जवाब मांगा गया है। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस निलंबन या निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी सी. एल. देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाने तथा जनसामान्य के सुरक्षा की दृष्टि से भारी मोटरयान तथा परिवहन यानों के ड्राइविंग लायसेंस नवीनीकरण के पूर्व दो दिवसीय आईडीटीआर से प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है। इसका अनुपालन न करते हुए कुछ आवेदकों के द्वारा फेसलेस ऑटो अप्रूवल का दुरूपयोग करते हुए गलत जानकारी सारथी पोर्टल में अपलोड कर कर ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। ऐसे सभी आवेदकों की जांच की जा रही है और जांच पश्चात नोटिस जारी किया जा रहा है।

### तुमगांव में 9वीं की छात्रा रूपाली 81.16 प्रतिशत के साथ रही अव्वल

**महासमुंद।** सरस्वती शिशु मंदिर तुमगांव में बुधवार को कक्षा 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। इस दौरान कक्षा 9वीं की छात्रा रूपाली साहू 81.16 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही। वहीं भानू जलक्षत्री 80 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान व अंजलि साहू ने 74.83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही विद्यालय के कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय से चंचल साहू 80 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान रीमा गोस्वामी 73.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान व पुष्पांजलि साहू 70.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान बनाया। कला संकाय कक्षा ग्यारहवीं से रोशनी साहू 74 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, हिमांशी साहू 68 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान व महेश्वरी धीवर 66.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान बनाया। रूपाली साहू कक्षा 9वीं व कक्षा ग्यारहवीं ने संपूर्ण विद्यालय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित कर विद्यालय व अपने परिवार को गौरवांवित किया। संस्था के संयोजक राकेश चंद्राकर ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को आगामी वर्ष में बोर्ड परीक्षा में और अच्छे हैं अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर संस्था के गुरुजी शिक्षण समिति के अध्यक्ष मोतीराम साहू एवं आचार्य व दीदी सहित अन्य लोग मौजूद थे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी आरके साहू आचार्य ने दी।

### सेवानिवृत होने पर मथुरा को दी ससम्मान विदाई

**कांकेर।** शहीद राम कुमार यादव शाउमा विद्यालय में पूर्व माध्यमिक शाला विभाग लट्टीपारा में 44 वर्षों से पदस्थ रही मथुरा मेश्राम प्रधान अध्यापक को सेवा के पश्चात सेवानिवृत होने पर विद्यालय परिवार के द्वारा विदाई दी गई। प्राचार्य अंजना श्रीवास्तव ने उनके उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की। अंत में समस्त शिक्षकों ने सेवानिवृत प्रधानअध्यापक के विद्यालय के प्रति लगाव एवं बच्चों के प्रति अपार स्नेह को सभी लोगों ने याद किया। कार्यक्रम का संचालन करुणा वैध के द्वारा किया।

---

विरोध : जनाक्रोश रैली में उमड़ा जनसैलाब

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में निकाली गई जनाक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

जम्मू–कश्मीर के प्रसिद्ध तीर्थस्थल पहलगाम में हिंदू श्रद्धालुओं पर हाल ही में हुए हमले के विरोध में मंगलवार को पवनी नगर में एक विशाल जनाक्रोश रैली का आयोजन किया गया। यह रैली स्थानीय नागरिकों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और हिंदू संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

रैली की शुरुआत पवनी के राधा .ष्ण मंदिर से हुई और यह नगर के प्रमुख मागोंर् से होती हुई पवनपुत्र हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। इस दौरान लोगों ने तख्तियाँ और बैनर लेकर "हिंदुओं पर हमला बंद करो", "आतंकवाद मुर्दाबाद" और "हमला करने वालों को सजा दो" जैसे नारे लगाए। लोगों का आक्रोश साफ तौर पर देखने को मिला, और उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।रैली को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पहलगाम जैसे शांतिप्रिय तीर्थस्थल पर श्रद्धालुओं पर हमला न केवल एक कायरतापूर्ण .त्य है, बल्कि यह देश की सांस्.तिक एकता पर हमला है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि अमरनाथ यात्र और अन्य धार्मिक यात्रओं की सुरक्षा को और सु.ढ़ किया जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कुछ वक्ताओं ने कहा कि यह हमला न सिर्फ एक समुदाय पर बल्कि देश की सहिष्णुता पर भी चोट है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। रैली में पवनी नगर के व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया। स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे ताकि रैली शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके।यह जनाक्रोश रैली न केवल पवनी नगर के लोगों की एकता और जागरूकता का प्रतीक बनी, बल्कि यह संदेश भी दिया गया कि देशभर में किसी भी धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।




## ग्राम सर्रा में संध्या चौपालः ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं, मिला समाधान का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जनपद पंचायत पलारी अंतर्गत ग्राम सर्रा में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याएं सुनना और विकास कायोंर् पर खुलकर चर्चा करना रहा। इस चौपाल में जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, शिक्षकों, पंचायती प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने .षि, शिक्षा, सड़क, जल व्यवस्था, स्वास्थ्य और शासन की योजनाओं से जुड़ी अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने समाधान के लिए सुझाव दिए और योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रोत्साहित किया गया जनप्रतिनिधियों ने भी चौपाल के माध्यम से गांव के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही और लोगों से सहभागिता की अपील की।

**ये रहे शामिल-** कार्यक्रम में शिक्षा और कृषि के क्षेत्र में सुधार की दिशा में विशेष रूप से चर्चा की गई जनपद सदस्य चंद्रप्रभा साहू, सरपंच नमिता भूषण वर्मा, गौरी भाई वर्मा, पुनाराम साहू, शिव कुमार यादव, सितु वर्मा, तुलसी यादव, नीरा बाई ढीमर, कौशिल्या बाई यादव, राजेश कुमार गृतलहरे, कुसुम बाई वर्मा, संतोषी मांडले, पवित्री चतुर्वेदी, भावना शर्मा, तारम, शशिकांत बंजारे, अग्रवाल, राजू टांडे, किशन कुर्रे, सुनीता यादव, महेंद्र वर्मा, शशिकांत चंद्राकर, भूपेंद्र वर्मा, अवध राम गृतलहरे, सुरेश कुमार कुर्रे तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य ग्रामीणजन।

## युक्तिकरण का शुरू हुआ विरोध कक्षावार शिक्षकों की उठी मांग

हरिभमि न्यूज ▶▶| भटगांव

छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार की नई युक्तिकरण नीति का तीव्र विरोध किया। विरोध करते हुए नई शिक्षा नीति 2020 का स्मरण कराते हुए ,प्रत्येक कक्षा के लिए एक शिक्षक की मांग की है।



संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने बयान जारी कर कहा कि एक ओर सरकार शिक्षा में गुणवत्ता की बात करती है वहीं प्राथमिक माध्यमिक स्तर पर विषय वार एवं के कक्षा वार शिक्षकों की संख्या निर्धारित करने की बजाय दर्ज संख्या के हिसाब से युक्तिकरण करने की प्रक्रिया अपना का प्रयत्न कर रही। श्री तिवारी ने शासन की युक्तिकरण नीति की विसंगति का आलम यह है कि 2020 की नई शिक्षा नीति में बालवाड़ी को भी प्राथमिक शालाओं से जोड़ा गया है किंतु युक्तिकरण में इस बात का भी ध्यान नहीं रखा गया है। इसी तरह स्कूल शिक्षा विभाग ने अपने ही सेट अप का भी धज्जियां बिखेर दी है। श्री तिवारी ने वर्तमान में जारी युक्तिकरण नीति शासकीय विद्यालयों को मध्यान्य भोजन वितरण केंद्रों में तब्दील करने का घृणित प्रयास बताया है ,अगस्त 2024 में जिस युक्तिकरण को स्थगित किया गया था उसे पुनः थोपा जा रहा है। 60 बच्चों पर एक प्रधान पाठक एक सहायक शिक्षक ,पांच कक्षा एवं पांच विषय कैसे संभव है ?? संघ के शत्रुघ्न यादव ,संतोष विश्वकर्मा,मंगल मूर्ति सोनी , प्रकाश साहू ,पंकज दुबे सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस युक्तिकरण नीति का तीव्र विरोध करते हुए स्थगित करते हुए स्थानांतरण पदोन्नतियां,55ः महंगाई भत्ता दिए जाने की मांग की है ।

## श्री सीमेंट की खदान परियोजना पर जन-सुनवाई, ग्रामीणों ने भी रखी अपनी राय



**बलौदाबाजार/ हिरमी रावन।** श्री सीमेंट कंपनी द्वारा ग्राम पथरचुवा में प्रस्तावित 127.098 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले चूना पत्थर खदान हेतु पर्यावरण स्वी.ति प्राप्त करने के उद्देश्य से जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में ग्राम भालुकोना, मोहरा, पथरचुवा सहित आसपास के दर्जनों गांवों के नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

■ भूमि के बदले उठी मुआवजे और नौकरी की मांग

जनसुनवाई के दौरान समर्थन एवं विरोध मे दोनों तरह के विचार प्रगट किए गए। अनेक ग्रामीणों ने खदान परियोजना के समर्थन में अपनी बात रखी और अनेक ग्रामीणों ने विरोध मे, दोनों पक्षों ने निर्भीक होकर खुल के अपना अपना पक्ष रहा। कुछ किसानों ने कंपनी से अपनी भूमि के बदले उचित मुआवजा देने तथा उनके परिवारजनों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। सैकड़ों लोगों ने जनसुनवाई में भाग लेकर अपने विचार खुल के प्रस्तुत किए। कई युवाओं और किसानों ने इस परियोजना से क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार की संभावनाओं को लेकर आशा जताई और जनसुनवाई का समर्थन किया और कुछ ने पर्यावरण चिंताओं पर विरोध भी किया। इस अवसर पर बलौदाबाजार की अपर कलेक्टर दीप्ति गौते ने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त सुझावों, मांगों और समर्थन को पर्यावरण मंडल को स्वी.ति हेतु प्रेषित किया जाएगा। आज की जनसुनवाई में प्रमुख रूप से सनम जांगड़े, आनंद यादव, अदिति बाघमार, संतोष यदु और दिलीप वर्मा सहित कई गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए समर्थन व्यक्त किया।

## हर घर गौ पालन की दिशा में पहल कलेक्टर कार्यालय में हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल के सारंगढ़ प्रवास के दौरान उनके मुख्य आतिथ्य में कलेक्टर कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष ने गौ संरक्षण, गौ संवर्धन, गौ उत्पाद और हर घर गौ पालन के प्रति जागरूकता लाने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। गाय चलता फिरता रसायन है। ग्रहण के समय हमारे पूर्वज गर्भवती महिलाओं के पेट में लेप लगा देते थे जिससे ग्रहण का रेडिएशन गर्भ में पल रहे शिशु के ऊपर प्रभाव नहीं करता था जिसे विज्ञान ने भी सही माना है। इस प्रकार देखें तो गोबर में रेडिएशन को कम करने की ताकत है। रूस और अमेरिका जैसे देश में गोबर का टैंक बनाकर उसमें चिकित्सा उपचार किया जा रहा है जिससे बीपी शुगर आदि कम हुए हैं। गाय को कामधेनु कहा जाता है जिसके रोम रोम से निकलने वाले ऑक्सीजन वेरीफाई ऑक्सीजन है, कोरोना काल में जितने भी गौ सेवक और पशुपालक, जो गाय के संपर्क में रहे हैं उनको कोरोना की बीमारी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग के बिना गाय की समुचित सेवा और संरक्षण संभव नहीं है। गोबर में जितनी बैक्टीरिया है उतना विश्व में बैक्टीरिया है। इसी प्रकार गोबर से प्रा.तिक खेती की जाए तो जमीन विषाक्त से उपजाऊ हो जाएगा। नीम के पत्ते आदि को खाद बनाकर खेत में उपयोग किया जा सकता है जिससे विषाक्त कीट खेत से भाग जाएंगे। गाय में प्र.ति को संतुलन करने की शक्ति है।

■ छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने सारंगढ़ कलेक्ट्रेट कार्यालय में ली बैठक

बैठक में अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल द्वारा गौ माता के विभिन्न महत्व के बारे में बताया गया और आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए कहा गया। उन्होंने गायों के लिए आश्रय स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारी और स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से भी जन–जन को जमीनी स्तर पर गाय के महत्व को समझाने और जागरूक करने कहा। उन्होंने पुलिस विभाग को गायों की तस्करी पर विशेष निगरानी रखते हुए इसे रोकने के लिए सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौ सेवा के लिए जिले में बेहतर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे , पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय सहित पशु चिकित्सा विभाग, नगरीय निकाय, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, गौ शाला संचालनकर्ता, गौ सेवक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई गई अक्षय तृतीया

**सुहेला।** ग्राम सुहेला व आस-पास के क्षेत्र में अक्षय तृतीया का पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किसानों ने परंपरा अनुसार अपने खेतों में धान का छिड़काव कर शुभ कार्य की शुरुआत की।

■ किसानों ने परंपरा अनुसार अपने खेतों में किया धान का छिड़काव



ग्राम के प्रमुख मंदिरों सतबहिनिया माता, महामाया माता, बावा महाराज और खलारी माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर धान अर्पित किया। मान्यता है कि इस दिन भगवान को अर्पण किया गया धन-धान्य कभी भी कमी नहीं लाता और घर में समृद्धि बनी रहती है। पर्व के शुभ अवसर पर कई स्थानों पर विवाह समारोह भी आयोजित किए गए, क्योंकि अक्षय तृतीया को शुभ कार्यों की शुरुआत के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। स्थानीय ग्रामीण अजय ने बताया कि इस दिन सोने-चांदी के आभूषण खरीदना अत्यंत मंगलकारी माना जाता है। इसलिए लोग नए आभूषण या कोई न कोई सोने की वस्तु जरूर खरीदते हैं। साथ ही, भगवान शिव को मटके में भरा जल अर्पित करने की भी परंपरा है, जिससे वे प्रसन्न होते हैं और आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

## गिरौदपुरी प्राचार्य एस डी साहु हुए सेवानिवृत्त, दी गई भावभीनी विदाई


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरौदपुरी में पदस्थ प्राचार्य एस डी साहु का सेवानिवृत्त होने पर 30अप्रैल को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य एस डी साहु का पुष्प गुच्छ और श्रीफल एवं साल तथा ग्रंथ भेंट कर आत्मिक भाव से विदाई दिया । इस मौके छात्र –छात्रें सहित वर्तमान प्रभारी प्राचार्य एनएल दिव्य, जीके देवांगन, एसके घृतलहरे, आरके वर्मा, आरके कर्ष, एलके खुटे, पीके कर्ष, कज डी मानिकपुरी, एस भैना, एसआर भारद्वाज, पीके टण्डन, एसके पुरेना, आरडी मानिकपुरी, केके जायसवाल, एस पैकरा, डीके पटेल व भारी संख्या में छात्र छात्रएं उपस्थित थे।



## सुशासन तिहार में तत्काल बन रहे ड्राइविंग लाइसेंस

**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्रामों में लगाए जा रहे शिविरों में जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस बनवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम मेकरी निवासी श्री चंद्रशेखर पटेल एवं ग्राम दतान निवासी गंगाराम बारले ने अपने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया था। अधिकारियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए दोनों आवेदकों को त्वरित समाधान देते हुए लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किया गया।



इस अवसर पर चंद्रशेखर पटेल ने कहा, सुशासन तिहार के तहत हमें गांव में ही अपनी समस्या का समाधान मिल गया। हमें बहुत खुशी है कि अब लाइसेंस के लिए भटकना नहीं पड़ा। वहीं श्री बारले ने भी कहा कि हम जैसे ग्रामीणों के लिए यह शिविर बहुत ही लाभकारी है। त्वरित कार्रवाई के लिए हम प्रशासन का आभार व्यक्त करते हैं। दोनों आवेदकों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीण अंचलों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

## प्राथमिक शाला बगबुड़ा में लगा सीखना सीखाना समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

शासकीय प्राथमिक शाला बगबुड़ा में श्फुलवारीश सीखना सीखाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम में बारह दिनों तक चला। जिसमें बच्चों के द्वारा अलग–अलग दिन विभिन्न प्रकार के कार्य किये। जिसके अंतर्गत चित्रकला, मिट्टी के खिलौने बनाना, मुखौटा बनाना,बीज एवं कंकड़ से चित्र बनाना, मेंहदी लगाना,अभिनय करना,कागज से विभिन्न प्रकार के सजावटी सामान बनाने के साथ ही एफएलएन के तहत संख्या ज्ञान, शब्द एवं वाक्य बनाना, गीत, कविता,कहानी लिखने के साथ ही गिनती कार्ड एवं हिन्दी वर्णमाला कार्ड के द्वारा प्रतिदिन अलग –अलग गतिविधियाँ करायी गई। इस फुलवारी सीखना सीखाना कार्यक्रम का सफल संचालन शाला के शिक्षक राजेन्द्र कुमार निर्मलकर, शिवकुमार वर्मा, सुनीता पटेल ने किया।



इस अवसर पर संकुल प्राचार्य रामू लहरे संकुल समन्वयक लक्ष्मी कांत पैकरा के द्वारा इस कार्यक्रम की सराहना की तथा बच्चों को मार्गदर्शन दिया।इस कार्यक्रम के सफल संचालन में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के समापन के अवसर पर पालक, स्कुली बच्चों के साथ ही शाला के प्रधान पाठक सीमा कुर्रे, शिक्षक कुंजराम पैकरा, बोधराम साहू, अजित कुमार, बिहारी लाल मिरी उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ राजनीति का भीष्म पितामह, अजेय योद्धा
मान. बृजमोहन भैय्या जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...बधाई...
01 मई
मा. बृजमोहन अग्रवाल जी
सांसद रायपुर लोकसभा क्षेत्र
श्री पवन साहू
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा
श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल
अध्यक्ष
जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा
महेन्द्र कुमार साहू
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.12
ईशान वैष्णव
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.04
मोहन लाल वर्मा
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.03
राजा जायसवाल
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.05
दिप्ती वर्मा
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.02
शशि बंजारे
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.01
सुश्री इन्दु जांगड़े
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.09
गीता देवी वर्मा
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.07
गायत्री बरिहा
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.17
दामिनी कुंजाम
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.16
शुभेच्छु : समस्त कार्यकर्ता, भारतीय जनता पार्टी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

## खबर संक्षेप

### कक्षा-आठवीं का घोषित हुआ परीक्षा परिणाम



**खरोरा।** केन्द्रीय.त उच्च प्राथमिक परीक्षा 2025 का मूल्यांकन पश्चात परीक्षा परिणाम शासकिय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा को प्राप्त हुआ। जिसके उपरांत आज दिनांक 30.04.2025 को शाला में परीक्षा परिणाम की घोषणा शाला की प्रधानपाठिका सुशीला वर्मा एवं शाला समिति के अध्यक्ष विजय शर्मा के द्वारा किया गया। जिसमें शाला समिति के शिक्षाविद् सुरेश कुमार साहू सर, सदस्य राजेश वर्मा, उषा वर्मा, पालक सदस्य शिवचरण देवांगन, निशा साहू एवं शाला के सभी शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

### आपदा पीड़ित परिवारों को मिली की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4–4 लाख रूपये के मान से 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6–4 के तहत 29 अप्रैल 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों मे दरसराम यादव पिता संत यादव निवासी ग्राम धमलपुर, तहसील टुण्डरा, सनंदन पिता गनपत श्रीवास, निवासी ग्राम चांटीपाली, तहसील कसडोल,चौनसिंग यादव पिता प्रसाद यादव,निवासी ग्राम अर्जुनी(ब),तहसील कसडोल शामिल हैं। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### गांव में अखबार वितरण

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड निवासी शोभाराम ध्रुव की पत्नी मिलो बाई ध्रुव (60 वर्ष) द्वारा सुबह 5 बजे से 1 किलोमीटर पैदल चलकर हरिभूमि अखबार का गांव में वितरण किया जाता है। उसके बाद ही घरेलू कामकाज में जुटती है।

### बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर की गई चर्चा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त ट्राइबल एजुकेशन एकीकृत शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय सचिव सर्वेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में 29 अप्रैल को प्रांतीय स्तर के पदाधिकारी एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों की बैठक खेल मैदान छुरा में रखा गया। जिसमें छत्तीसगढ़ में संघ के विस्तार के साथ जिला इकाई एवं ब्लाक इकाई का गठन के साथ शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर प्रकाश डाला गया।

### अक्षय तृतीया पर गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अक्षय तृतीय अक्ती पर्व पर गुड्डा-गुड़िया की विवाह रचाया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने अक्षय तृतीया को छत्तीसगढ़ में अक्ती तिहार नाम से जाते है। अक्ती के दिन छत्तीसगढ़ में मिट्टी से बने गुड्डे गुड़ियों की विवाह पूरे रीति रिवाज से करते हैं। इस दिन हर घर में शादी जैसा माहौल होता है। बुजुर्ग अपने घर में नए मटकी में जल रखकर पितरों का आह्वान कर नदी तालाब में तर्पण करते है। अक्ती तिहार पर छत्तीसगढ़ के हर घर में लगभग इस परंपरा को निभाया जाता है। इस दिन किसान अपने खेतों में धान बीज डालकर बोनी की शुरुआत करते हैं।

### अन्नदाता के अरमानों पर गिरे ओले, फसलों को नुकसान : तुषार

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने किसानों के साथ मिलकर जिला कलेक्टर से मांग की कि ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का सर्वे एवं गिरदावरी कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि 28 अप्रैल की शाम को कई गांवों में अचानक मौसम का मिजाज बदलने से बारिश के साथ जोरदार ओलावृष्टि हुई। ओलों की मार से तैयार फसल को भारी नुकसान होने से किसान मायूस है। कई गांवों में तेज बरसात हुई तो कई गांवों में 20 मिनट तक बेर के आकार के ओले पड़े।

# जिला प्रभारी सचिव सिद्धार्थ परदेशी ने मनोविकास केंद्र एवं नशामुक्ति केंद्र का किया अवलोकन

## उपचाररत बच्चों एवं उनके अभिभावकों से बात की और बढ़ाया मनोबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मंगलवार को जिला प्रवास के दौरान स्कूल शिक्षा सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर स्थित मनोविकास केंद्र एवं रायपुर रोड स्थित नशामुक्ति केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने मनोविकास केंद्र में उपचाररत बच्चों एवं उनके अभिभावकों से बात की और बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

विभिन्न मानसिक बीमारी से जूझते बच्चों के ईलाज के लिए शुरू किये गये मनोविकास केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं संचालन प्रणाली की सराहना की। प्रभारी सचिव ने इसके पश्चात समाज कल्याण विभाग द्वारा संगी मितान सेवा केंद्र के माध्यम से संचालित नशामुक्ति केंद्र का अवलोकन किया।

उन्होंने केंद्र में भर्ती बच्चों के बारे में प्रबंधक से पूछताछ की। बच्चों को नशे से दूर रहने और सही दिशा में आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। उन्होंने जांच एवं उपचार हेतु सप्ताह में दो दिन केंद्र में चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही पंजियों का निरीक्षण कर टीप भी लिखे। बताया गया कि नशामुक्ति केंद्र में वर्तमान में 15 लोग भर्ती हैं जिन्हे भोजन, विश्राम, उपचार सहित देखभाल किया जा रहा है। केंद्र में आने वालों को अधिकतम 2 महीने तक रखा जाता है और नशे की लत से दूर रहने आवश्यक परामर्श व ईलाज मुहैया कराया जाता है।



### लटुआ में जल जीवन मिशन का अवलोकन

प्रभारी सचिव ने विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम लटुआ में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण एवं नल जल का अवलोकन किया। उन्होने पीएचई के अधिकारियो से पानी की स्रोत, वाटर ट्रीटमेंट, पंप संचालन, टेप नल आदि के सम्बन्ध में पूछताछ की। उन्होंने गांव के चबूतरे में बैठकर ग्रामीणों एवं समूह की महिलाओं से ग्राम विकास के सम्बन्ध में चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जयंती : शहर में निकाली गई भव्य कलशयात्रा साथ ही निकाली गई भगवान परशुराम की झांकी

# धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ बड़ी संख्या में जुलुस में शामिल हुए शहरवासी

अखंड ब्राह्मण समाज पलारी के तत्वावधान में विष्णु अवतार श्री भगवान परशुराम जी के पावन जन्मोत्सव पर क्षेत्र के समस्त ब्राह्मण समाज सह परिवार सहित मां गायत्री मंदिर पलारी में एकत्रित होकर विधि विधान पूजा अर्चना करके महिला व पुरुष सहित कलश शोभायात्रा निकालकर भगवान परशुराम जी की झांकी व कीर्तन भजन करते हुए परशुराम भगवान काजयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण किया गया। जिसमें नगर वासियों द्वारा स्वागत अभिनन्दन व पूजा अर्चन कर अपने परिवार की खुशहाली व नगर की सुख–समृद्धि की कामना की।

नगर भ्रमण पश्चात गायत्री मंदिर में विशेष पूजा अर्चना करने के पश्चात समाज प्रमुखों द्वारा भगवान परशुराम की गाथा बतलाया गया जिसमें भगवान परशुराम छठवें अवतार थे वह महाभारत और विष्णुपुराण के अनुसार परशुराम का मूल नाम राम था किन्तु जब भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया तभी से उनका नाम परशुराम हो गया। पितामह भृगु द्वारा सम्पन्न नामकरण संस्कार के अनन्तर राम कहलाए। वे जमदग्नि का पुत्र होने के कारण जामदग्न्य और शिवजी द्वारा प्रदत्त परशु धारण किये रहने के कारण वे परशुराम कहलाये। आरम्भिक शिक्षा महर्षि विश्वामित्र एवं ऋचीक के आश्रम में प्राप्त होने के साथ ही महर्षि ऋचीक से शार्ङ्ग नामक दिव्य वैष्णव धनुष और ब्रह्मर्षि कश्यप से विधिवत अविनाशी वैष्णव मन्त्र प्राप्त हुआ। तदनन्तर कैलाश गिरिश्रृंग पर स्थित भगवान शंकर के आश्रम में विद्या प्राप्त कर विशिष्ट दिव्यास्त्र विद्युदभि नामक परशु प्राप्त किया। शिवजी से उन्हें श्री.ष्ण का त्रैलोक्य विजय कवच, स्तवराज स्तोत्र एवं मन्त्र कल्पतरु भी प्राप्त हुए। चक्रतीर्थ में किये कठिन तप से प्रसन्न हो भगवान विष्णु ने उन्हें त्रेता में रामावतार होने पर तेजोहरण के उपरान्त कल्पान्त पर्यन्त तपस्यारत भूलोक पर रहने का वर दिया। वे शस्त्रविद्या के महान गुरु थे। उन्होंने भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्रविद्या प्रदान की थी। उन्होनें कर्ण को श्राप भी दिया था। उन्होंने एकादश छन्दयुक्त ष्शिव पंचत्वारिंशनाम स्तोत्र्ष भी लिखा। इच्छित फल–प्रदाता परशुराम गायत्री है–ष्ॐ जामदग्न्याय च विद्महे महावीराय च धीमहि, तन्नो परशुरामरू प्रचोदयात। वे पुरुषों के लिये आजीवन एक पत्नीव्रत के पक्षधर थे। उन्होंने अत्रि की पत्नी अनसूया, अगस्त्य की पत्नी लोपामुद्रा व अपने शिष्य के सहयोग से विराट नारी–जागृति–अभियान का संचालन भी किया था। अवशेष कार्यो में कल्कि अवतार होने पर उनका गुरुपद ग्रहण कर उन्हें शस्त्रविद्या प्रदान करना भी बताया गया है। समाज प्रमुखो द्वारा समाज के संगठन एकता के संदर्भ में बड़ा ही विस्तारपूर्वक बतलाया कि हम सब सभी एक साथ सभी मिलजुल कर कम करें सभी के सुख–दुख मैं हाथ बटाएं। सभी समाजिक कार्य उपस्थित होकर यथासंभव सहयोग करें जिससे हमारी समाज एकत्रित होकर बड़ा सा बड़ा कार्य हो सके।



### खरोरा में धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती

**खरोरा।** भगवान श्री परशुरामप्राकट्य उत्सव पूजन बालाजी दरबार त्रिपुरसुंदरी मंदिर खरोरा में आयोजित किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ संकल्प वाचन से हुआ, उक्त समारोह मेंअतिथि के रूप में हमारे नगर पंचायत अध्यक्ष, अंबिका बंछोर वार्ड पार्षद, माया राकेश देवांगन उपस्थित थी। उन्होंने समस्त मातृ शक्तियों को श्री परशुराम जी प्राकट्य उत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त गरिमा में आयोजन में पं कुसुम शर्मा जी, पं रजनी शर्मा, पं अन्नपूर्णा द्विवेदी, पं सरिता दुबे जी, पं सोनम शर्मा, पं सरला दीवान, पं दुर्गेश शर्मा, पं उमा शर्मा, पं सलोनी शर्मा, पं धारिता शर्मा, पं अंजू पाण्डेय प्रदेश अध्यक्षअखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद छत्तीसगढ़ सहित बड़ी संख्या में विप्रो समाज के महिलाएं उपस्थित थी।

### इस अवसर पर ये रहे उपस्थित

*समाज प्रमुख पं श्याम शुक्ला, सुरेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, विश्वहिंदू परिषद अभिषेक तिवारी, मनोज दुबे पलारी समाज प्रमुख उमाशंकर मिश्रा, अनिरुद्ध मिश्रा, रमाशंकर मिश्रा, राहुल पांडेय दीपक तिवारी, धीरज मिश्रा, मुकेश झा, राजेश शर्मा, व यश प्रभा पांडेय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, श्वेता देवी पाण्डेय, रोशनी शर्मा, ज्योति, ऊषा, कीर्ति, सुमन, ईश्वरी, देवी, प्रगति, सुनीता, शीला शुक्ला, प्रिती झा, पुष्पा तिवारी, निधी तिवारी, निक्की, तन्मय, भेनु झा, वेदांक तिवारी, स्वाति, रानू त्रिपाठी, सुमीत तिवारी, तोषण प्रसाद चौबे, चिरंजीव तिवारी ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, ऋषभ चौबे, शिवकुमार शर्मा, रोशन चौबे, शिवम मिश्रा, नीलकमल शर्मा, दीनानाथ उपाध्याय सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।*

## 34 हजार की महुआ शराब व लाहन जब्त



**बलौदाबाजार।** आबकारी आयुक्त श्याम धावड़े के निर्देश एवं कलेक्टर दीपक सोनी व उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 34 हजार मूल्य का हाथभट्ठी कच्ची शराब तथा महुआ लाहन जब्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह वृत्त कसडोल के हसुआ बलौदा सबरिया डेरा में अवैध मदिरा विनिर्माण की सूचना के आधार पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी, संभागीय उड़नदस्ता रायपुर विशेश्वर साव,सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह एवं वृत्त प्रभारी कसडोल के नेतृत्व में संयुक्त कार्यवाही गई जिसमें नदी किनारे में अज्ञात व्यक्ति द्वारा डाली गई दो चढ़ी भठ्ठी नष्ट कर 120 ली अवैध कच्ची मदिरा तथा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया।बरामद मदिरा का परिक्षण कर तथा महुआ लाहन का सेंपल कब्जे में लिया गया। बरामद मदिरा तथा महुआ लाहन का बाजार मूल्य 34,000 पाया गया। अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(च) तथा 34(2) का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।आरोपी की पतासाजी की जा रही है। आबकारी आयुक्त एवं कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा अलग–अलग क्षेत्रें में लगातार गश्त एवं कार्यवाही की जा रही है।



## शिशु मंदिर खरोरा में 5वीं व 8वीं के परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय खरोरा में आज दिनांक 30 अप्रैल 2025 को जिला केंद्रीकृत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा सत्र 2024–25 ( 5वी8वी ) परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। परीक्षा प्रमुख भारत लाल वर्मा एवं श्रीमती कंचन वर्मा द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा किया गया।

कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान लक्ष्य देवांगन पिता नारायण देवांगन 98ः अंक प्राप्त कर तिल्दा ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरा स्थान बहन आ.ति साहू पिता दुष्यंत साहू 93ः अंक प्राप्त किया, तृतीय स्थान बहन थनिष्का देवांगन दर्ज संख्या 67, उपस्थित 66, कक्षा का प्रतिशत 96.96ः रहा , प्रावीण्य सूची में 17 प्रथम में 25 द्वितीय 14, तृतीय 01. कृपोत्तिर्ण 07, पूरक 02 इसी प्रकार कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान बहन कुशाली कोसरिया पिता श्री अमर कोसरिया 93.83ः अंक प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बहन गीतांजलि देवांगन पिता श्री दीपक देवांगन 93.17ः अंग प्राप्त किया तृतीय स्थान बहन फाटीना बंजारे पिता श्री भागदास बंजारे 92.33 अंक प्राप्त किया। दर्ज संख्या 93, उपस्थित 91 कक्षा का प्रतिशत 97.84 : रहा, प्रावीण्य सूची में 22 प्रथम में 36 द्वितीय 25, .पोत्तिर्ण 08,पूरक 02 इस अवसर पर 50 अभिभावाक बंधु भगिनी एवं विद्यालय के समस्त आचार्य दीदीया उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य श्री अश्विनी पाटकर ने सभी भैया बहनों को नया शैक्षणिक सत्र 16 जून 2025 से आरंभ होगा।

## कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्रियों को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तीर्थयात्रियों के जत्था को कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्र में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तीर्थयात्रियों के लिए 30 अप्रैल से 3 मई 2025 तक मथुरा, कृष्ण जन्मभूमि एवं वृन्दावन को चिन्हित किया गया है। ये सभी यात्री जनपद पंचायत मुख्यालय से बस द्वारा बोडिंर्ग स्टेशन रायगढ़ रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किए गए। जिले के लिए प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप 112 यात्री एवं 4 अनुरक्षक की सूची अनुसार यात्री विशेष यात्र ट्रेन के माध्यम से रायगढ़ रेल्वे स्टेशन से मथुरा के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर रामकुमार थूरिया, रामेश्वर पुरी गोस्वामी, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, सीईओ सारंगढ़ राधेश्याम नायक आदि उपस्थित थे।




## शरीर नश्वर, भक्ति अमरः भागवत कथा में जीवन दर्शन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

■ कनकी में भावविभोर हुए श्रद्धालु, भजनों पर झूमे श्रोता

महिला भागवत समिति द्वारा कनकी (खरोरा) में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा व्यास राधिका देवी ने कहा कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं।

कथा व्यास ने कहा कि प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है। जबकि शरीर नश्वर है। उन्होंने कहा कि भागवत बताता है कि कर्म ऐसा करो जो निस्काम हो वहीं सच्ची भक्ति है।उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रें में बताए आदशोंर् का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। राधिका देवी जी ने शुक्रवार को भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, धुरव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया।





भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे। राधिका देवी ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। बातचीत श्रीमद्भागवत कथा जीवन के सत्य का ज्ञान कराने के साथ ही धर्म और अधर्म के बीच के फर्क को बताती है। राधिका देवी जी के श्रीमुख से कथा सुन जीवन का अर्थ समझ में आया। श्रीमद्भागवत कथा सुनना मेरे लिए पूजा के समान है। वो हमारे लिए भगवान की तरह है। भागतव कथा जीवन को कैसे जीया जाए इसे बतलाती है।

## सिंधोरा से प्राप्त 116 आवेदनों का किया जा रहा निराकरणः कलेक्टर

# कलेक्टर ने सुशासन संध्या चौपाल पर स्वच्छता व जल संचयन के लिए दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंधोरा में आयोजित सुशासन संध्या चौपाल में कलेक्टर दीपक सोनी मंगलवार को शामिल हुए। अतिथियों द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतरी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सुशासन संध्या चौपाल का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोनी ने उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणों को स्वच्छता एवं जल संचायन हेतु शपथ दिलाई। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किय जा रहा है। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविर चयनित ग्राम पंचायत में आयोजित किये जायेंगे जिसमें आवेदनों के निराकरण की जानकारी देने के साथ ही योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत सिंधोरा से 116 आवेदन प्राप्त हुए है जिनका निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्राम. पंचायत सिंधोरा को अतिक्रमण मुक्त पंचायत हेतु प्रस्ताव पारित करने पर सराहना करते हुए कहा कि सब की सहभागिता से पंचायत में विकास कार्य को आगे बढ़ाएं। शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटानें व स्वयं पहल करें। विकास कार्यो के लिए जमीन की आवश्यकता होती है। शासकीय भूमि नहीं होगी तो विकास कार्य भी अवरुद्ध हो जाएगा। उन्होंने गांव में साफ– सफाई, स्वच्छता तथा मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत नलकूपो के पास सोखता गड्ढा निर्माण, जलाशयों की सफाई पर ध्यान देने कहा। इस अवसर पर एसडीएम दीपक निकुंज, जनपद सीईओ पी. एल. धुर्वे, सरपंच दयाल महेश्वर,पंच आस कुमार डहरिया, दुर्गा महेश्वर, तेज राम वर्मा, शम्भू सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



